

यह सिर्फ आपके लिए नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है कि पंत ने मौत के मुंह से निकलकर जीत हासिल की। बहुत बढ़िया, शानदार। अच्छा काम जारी रखो और आगे बढ़ते रहो। ऋषभ पंत सभी बहुत अच्छा खेले। - रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय कोच, ऋषभ पंत के बारे में बताया।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** 

## कार्लोस अल्कारेज



स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन 2024 में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। रोलां गैरां के फिलिप चैटरियर कोर्ट में खेले गए फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता हासिल अल्कारेज ने चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराया। जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव दूसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे। ज्वेरेव इससे पहले 2020 के यूएस ओपन फाइनल में भी पहुंचे थे। 21 साल के कार्लोस अल्कारेज के करियर का ये तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब रहा।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे विश्वकप फुटबॉल में पहली बार मेजबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देने की प्रथा शुरू हुई।

## पीसीबी ने भारत को अपने सभी मैच लाहोर में खेलने का सुझाव दिया

लाहौर, 10 जून। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) चैम्पियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गये टूर्नामेंट के 'ड्राफ्ट कार्यक्रम' में यह सुझाव दिया गया है। सूत्र ने कहा, ''हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया गया है।'' भारत ने पिछले साल सुरक्षा चिंताओं की वजह से एशिया कप के लिए पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसके सभी मैच श्रीलंका में कराये गये थे। पाकिस्तान को अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच आईसीसी के इस 50 ओवर के टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी 'ड्रॉफ्ट कार्यक्रम' को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैम्पियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, हालांकि उसने 2008 में पूरे एशिया कप की मेजबानी की थी और पिछले साल भी इसी टूर्नामेंट के कुछ मैच अपनी सरजमीं पर कराये थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

## सुमित नागल ने हेइलब्रॉन नेकरकप का टाइटल जीता

नई दिल्ली, 10 जून। भारत के नंबर-1 टेनिस प्लेयर सुमित नागल ने जर्मनी में हेइलब्रॉन नेकरकप 2024 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट में मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया। मेंस सिंगल्स की वर्ल्ड रैंकिंग में 95वें स्थान पर मौजूद भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने दो घंटे और 22 मिनट तक चले फाइनल में दुनिया के 184वें नंबर के खिलाड़ी स्विट्जरलैंड के एलेक्जेंडर रित्सचर्ड को तीन सेटों में 6-1, 6(5)-7(7), 6-3 से हराया। यह नागल के करियर की छठी एटीपी चैलेंजर जीत है। इस साल की शुरुआत में घरेलू सरजमीं पर चेन्नई ओपन का खिताब जीतने के बाद साल की दूसरी खिताबी जीत है। एटीपी चैलेंजर टूर जिसे 2008 के अंत तक एटीपी चैलेंजर सीरीज के रूप में जाना जाता था। इंटरनेशनल मेंस की प्रोफेशनल टेनिस टूर्नामेंटों की एक सीरीज है। चैलेंजर टूर प्रोग्राम एटीपी टूर के बाद दूसरा सबसे बड़ा टेनिस सीरीज है। सुमित नागल का इस साल प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर जीत के साथ शुरुआती की थी। इसके बाद, उन्होंने चेन्नई ओपन में जीत हासिल की और एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने हाल ही में फ्रेंच ओपन में हिस्सा लिया था जहां वह पहले दौर में ही बाहर हो गए थे।

## मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष का अमेरिका में निधन

### भारत-पाक टी-20 मैच देखने न्यूयॉर्क गए थे

न्यूयॉर्क, 10 जून। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमोल काले का सोमवार को हार्ट अटैक से अमेरिका में निधन हो गया। वह रविवार को न्यूयॉक के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप मुकाबला देखने के लिए के दो अन्य पदाधिकारियों के साथ पहुंचे थे। उनके साथ के सेक्रेटरी अजिंक्य नायक और एपैक्स काउंसिल के सदस्य सूरज समत थे। अमोल काले को साल 2022 अक्टूबर में का प्रेसिडेंट चुना गया था। उन्होंने प्रेसिडेंट के हुए चुनाव में 1993 वर्ल्ड चैंपियन टीम के सदस्य संदीप पाटिल को हराया था।

# गुलवीर ने पांच हजार मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

### गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट 5 हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरे स्थान हासिल किया




पोर्टलैंड, 10 जून। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला। 5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे।

पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।

महिलाओं की 5000 मीटर की एलीट दौड़ में 2023 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकिता ध्यानी ने 15:35.06 समय में दौड़ पूरी कर 15वां स्थान हासिल किया। नीदरलैंड की ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन ने 14:43.85 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका की धावक एलिस क्रैनी (14:46.49) समय के साथ दूसरे और कैरिसा श्वेजर को (14:48.60) तीसरा स्थान मिला।

महिलाओं की 5000 मीटर आमंत्रण दौड़ में भाग ले रहीं संजीवनी जाधव 15:31.60 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अमेरिका की क्लेयर ग्रीन (15:30.46) ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि चीन की शिउ जेन मा (15:31.86) तीसरे स्थान पर रहीं। इस बीच, परवेज खान ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 3:36.21 के नए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए किसी भारतीय द्वारा दूसरा सर्वश्रेष्ठ समय दर्ज किया।



## पाक 15 ओवर के बाद रणनीति से भटक गया : गैरी कर्स्टन

न्यूयॉर्क, 10 जून। पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में उनके बल्लेबाज 15 ओवर के बाद रणनीति के अनुसार नहीं चल पाए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के कारण दबाव में आ गए। अमेरिका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। भारत के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15वें ओवर में उसका स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम 7 विकेट पर 113 रन ही बना पाई।

कर्स्टन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,'' मेरा मानना है कि इस तरह की पिच पर स्ट्राइक रोटेट करना बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसलिए मैं आपसे सहमत हूं कि कभी इस तरह के मैच को देखना मजेदार होता है जिसमें केवल बाउंड्री ही मायने नहीं रखती।'' उन्होंने कहा,'''लेकिन आपको 120 गेंद का वास्तव में अच्छी तरह से उपयोग करना होता है। हमने पहले 15 ओवर तक ऐसा किया लेकिन उसके बाद अपनी रणनीति से भटक गए। हमने बहुत अधिक विकेट गंवा दिए।'' कर्स्टन ने कहा,''बल्लेबाजी इकाई के रूप में आपको बहुत अधिक विकेट गंवाने से बचना चाहिए लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। जब इस तरह का मौका आता है तो खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।''

पाकिस्तान के बल्लेबाज 59 गेंद पर रन नहीं बना पाए। उसे भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। उन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान के लिए अब आगे के मैच करो या मरो जैसे बन गए हैं। भारत की 2011 की वनडे विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे कर्स्टन ने कहा,''यह सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो उन पर दबाव आ जाएगा। ''

कर्स्टन ने हालांकि अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की जिन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। उन्होंने कहा, ''अगर आप 10 से 20 ओवर के बीच के रिकॉर्ड पर गौर करो तो हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है। हमारे पास बहुत अच्छे तेज गेंदबाज हैं और इमाद वसीम ने भी आज वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। हमारे पास काफी अच्छे विकल्प हैं और अगर हम इसी तरह से गेंदबाजी करते रहे तो हमारे खिलाफ बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा।

## पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर जानबूझकर गेंदे बर्बाद करने का आरोप लगाया



कराची, 10 जून। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई।

इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। वसीम ने 23 गेंद पर 15 रन बनाए। मलिक ने कहा,''आप उसकी (वसीम) पारी पर गौर करो तो ऐसा लगता है कि वह रन बनाने के बजाय गेंदें बर्बाद कर रहा है और लक्ष्य का पीछा करते हुए चीजों को मुश्किल बना रहा है।''

एक अन्य पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। अफरीदी ने कहा,'' एक कप्तान सभी को साथ लेकर चलता है। वह या तो टीम को बर्बाद करता है या उसको अच्छा बना देता है। विश्व कप को समाप्त होने दो इसके बाद में खुलकर बात करूंगा।'' उन्होंने कहा,''शाहीन के साथ मेरा ऐसा रिश्ता है कि अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा, तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं। ''

अफरीदी की बेटी की शादी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन के साथ हुई है जिन्हें विश्व कप से ठीक पहले कप्तान पद से हटा दिया गया था। उनके कप्तान रहते हुए पाकिस्तान ने केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ एक श्रृंखला खेली। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुआई वाली टीम सुपर आठ चरण में पहुंचने की हकदार नहीं है।

अख्तर ने एक्स पर जारी एक वीडियो में कहा,''निराश और आहत होने पर पोस्ट करना स्वाभाविक है। पूरा देश निराश और हताश है। मनोबल गिरा हुआ है। किसी तरह आपको जीतने का इरादा दिखाना होगा। क्या पाकिस्तान सुपर आठ में जगह नहीं बन पाने का हकदार है? खुदा जाने। '' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम में आत्मविश्वास की कमी दिखी। उन्होंने कहा,''कभी-कभी खराब पिच पर बहुत अच्छे मैच देखने को मिल जाते हैं। यह उनमें से एक मैच था। बहुत सरल सी बात है, पाकिस्तान को विश्वास ही नहीं था कि वह जीत सकता है।

## रोहित शर्मा ने विराट कोहली को छोड़ा पीछे

### बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



न्यूयॉर्क, 10 जून। भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में खेला गया। जिसे भारत ने रोमाचंक तरीके से 6 विकेट से जीत लिया। इस मैच मैच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है, जिसके बाद उन्होंने विराट कोहली को पछाड़ दिया है। दरअसल, रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए।

दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। वहीं रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 12 गेंद में 13 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ा है।

बतौर भारतीय कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट्स में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एमएस धोनी के नाम है। एमएस धोनी ने 46 पारियों में 1037 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा पहुंच गए हैं। रोहित ने 19 पारियों में 778 रन बनाए हैं। जबकि विराट कोहली ने 17 पारियों में 778 रन बनाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली का भी बल्ला नहीं चला। कोहली महज 3 रन बनाकर नसीम शाह के शिकार बने।

वहीं मुकाबले की बात करें, टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 19 ओवर में महज 119 रन बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली पाकिस्तान टीम की शुरुआत तो बेहतरीन रही, लेकिन पाक टीम टारगेट को हासिल नहीं कर पाई और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन ही बना पाई।

## बुमराह प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं : रोहित



न्यूयॉर्क, 10 जून। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह एक प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं। पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को छह से मिली जीत के बाद रोहित ने कहा, मैं उनके बारे में अधिक बात नहीं करना चाहता। हम पिछले कुछ वर्षों से लगातार इस बात का साक्षी रहे हैं कि वह क्या कर सकते हैं। वह एक प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं लेकिन अन्य गेंदबाजों ने भी बढ़िया प्रदर्शन किया।

उन्होंने अन्य गेंदबाजों की सराहना करते हुए कहा, जाहिर तौर पर इस तरह के टूर्नामेंट में आप अपने खिलाड़ियों से ऐसे ही प्रदर्शन की अपेक्षा करते हैं। छोटे-छोटे योगदानों ने आखिर में बड़ा अंतर पैदा किया। जिसके हाथ में भी गेंद आई, वह टीम के लिए योगदान देना चाहता था। उन्होंने कहा, हमें लगा कि हमने कुछ रन कम बनाए हैं। इसलिए हमें अनुशासन में रहकर गेंदबाजी करने की आवश्यकता थी। मैंने कुछ अतिरिक्त करने का प्रयास नहीं किया। विकेट बाद बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई थी और मूवमेंट भी नहीं मिल रही थी इसलिए मैंने यह प्रयास किया कि जितना संभव हो सके सीम को हिट करूं।

उन्होंने अपनी रणनीति को साझा करते हुए कहा, हमने पाकिस्तान की बल्लेबाजी के दौरान धैर्य बनाए रखा। पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी इसलिए ऐसी परिस्थिति में एक गेंदबाजी इकाई के तौर पर हमें इस बात को लेकर स्पष्ट होना था कि हमें किस तरह की गेंदबाजी करनी है और हम विपक्षी टीम पर वैसा दबाव बनाने में सफल भी हुए। गेंदबाजी के दौरान में बाहरी आवजो से ध्यान हटाकर वर्तमान में रहने का प्रयास कर रहा थे और यही सोच रहे थे कि मुझे कैसी गेंद डालनी चाहिए जिससे कि बल्लेबाज को शॉट खेलने में दिक्कत हो।

उन्होंने कहा, हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। दस ओवर के बाद हम तीन विकेट पर 81 रनों के साथ अच्छी स्थिति में थे। लेकिन हम यहां से साझेदारियां नहीं बना सके। मुझे लगा कि हमने 15-20 रन कम बनाए हैं। हमने इस बारे में चर्चा भी की थी इस तरह की पिच पर हर रन मायने रखता है। हमारे जेहन में 140 का स्कोर चल रहा था। लेकिन मैं यही सोच रहा था कि हमारे गेंदबाज बढ़िया प्रदर्शन करेंगे ।

## बागपत के पार्थ राणा ने राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रति. में जीता स्वर्ण

बागपत, 10 जून। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चल रही नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर स्पोर्टस पिस्टल में उत्तर प्रदेश में बागपत के निशानेबाज पार्थ राणा ने स्वर्ण पदक जीता है। धनौरा सिलवरनगर गांव निवासी निशानेबाज पार्थ राणा के परिजनों ने बताया कि मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में एमपी स्टेट शूटिंग एकेडमी पर एक जून से 19 जून तक 22 वी ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है जिसमें 25 मीटर स्पोर्टस पिस्टल स्पर्धा में विपिन ने 581/600 अंक का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना के प्रदुमन ने रजत व सीआरपीएफ के लक्ष्य खत्री ने कांस्य पदक जीता। रेलवे के इंटरनेशनल निशानेबाज पार्थ राणा इस समय मेरठ के पल्हैडा स्थित द्रोणाचार्य शूंटिंग एकेडमी पर निशानेबाजी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। जहां उनके कोच राहुल राजौरा हैं। पदक जीतने पर एकेडमी के अध्यक्ष रोमी शिव व उसके खिलाड़ी साथियों और परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को 114 रन का टारगेट दिया

### हेनरिक क्लासन ने 46 रन बनाए, मिलर के साथ 79 की साझेदारी की, तनजीम को 3 विकेट




न्यूयॉर्क, 10 जून। हाइनरिक क्लासन (46) और डेविड मिलर (29) रनों की पारियों के दम पर सोमवार को दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के 21वें मुकाबले में बंगलादेश को जीत के लिए 114 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (शून्य) का विकेट गवां दिया। रीजा को तनजीम हसन साकिब ने पगबाधा आउट किया। तीसरे ओवर में तनजीम हसन साकिब क्विंटन डिकॉक (18) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। चौथे ओवर में तस्किन अहमद कप्तान एडन मारक्रम (4) को बोल्ड कर आउट कर दिया। ट्रिस्टन स्टब्स (शून्य) भी तनजीम का शिकार बने। चार विकेट गिरने के बाद दक्षिण अफ्रीका सहारे की हालत खराब हो गई। ऐसे समय में हाइनरिक क्लासन और डेविड मिलर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 79 रन जोड़े। क्लासन ने 44 गेंदों में 46 रन बनाये। वहीं डेविड मिलर ने 29 रनों की पारी खेली। मार्को यानसन (5) और केशव महाराज (7) रन बनाकर नाबाद रहे।

## नेपाल के लिए अंतिम दो लीग मैच खेलेंगे लामिछाने

काठमांडू, 10 जून। नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ी संदीप लामिछाने वेस्टइंडी पहुंच गये है और वह टी-20 विश्वकप में आखिरी दो लीग मैचों में खेलेंगे। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से लामिछाने को नेपाल के विश्वकप टीम में जोड़े जाने की अपील की थी जिसे आईसीसी ने स्वीकार लिया है। हालांकि आईसीसी ने अभी तक नेपाल की टीम में बदलाव की औपचारिक पुष्टि नहीं की है। नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने बताया कि बोर्ड ने 24 मई को आईसीसी के समक्ष 14 खिलाड़ियों के नाम ही दिए थे ताकि बाद में लामिछाने को टीम में जोड़े जाने की अनुमति मिल जाए। अमेरिका में पहले से ही नेपाल की टीम के साथ 15 खिलाड़ी जुड़े हुए हैं, इसलिए लामिछाने को किसी खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट के तौर पर ही दल में जोड़ा जा सकता है। लिहाज़ा इसके लिए आईसीसी की स्पर्धा तकनीकी समिति की अनुमति जरूरी है। लामिछाने नौ जून को ही वेस्टइंडीज पहुंच गए थे और उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट भी किया था कि वह अंतिम दो लीग मैच के लिए अपने राष्ट्रीय दल के साथ जुड़ने जा रहे हैं। नेपाल को अपने अंतिम दो मैच किंगसटाउन में 14 और 16 जून को क्रमश: दक्षिण अफ्रीका और बंगलादेश के साथ खेलने हैं।

## स्कॉटलैंड ने ओमान को 41 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हराया

नॉर्थ साउंड, 10 जून। ब्रैंडन मक्मलेन नाबाद (61) और जॉर्ज मंसी (41) रनों की शानदार पारियों की मदद से रविवार को स्कॉटलैंड ने टी-20 विश्वकप के 20वें मुकाबले में 41 गेंदे शेष रहते ओमान को सात विकेट से हरा दिया है।

सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान के लिए सलामी बल्लेबाज प्रतीक अग्रवले 41 गेंदों में (54) की अर्धशतकीय पारी और अयान खान (41) रनों के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 150 का स्कोर खड़ा किया। इसके अलावा कप्तान आकिब इल्यास (16) नसीम खुशी (10), मेहरान खान(13), जीशान मकसूद (3), खालिद कैल (5) रन बनाकर आउट हुये। शकील अहमद तीन रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड की ओर से साफ्यान शरीफ ने दो विकेट लिये। मार्क वॉट, ब्रैड व्हील, क्रीस सील और क्रिस ग्रीव्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने पहुंची स्कॉटलैंड की जॉर्ज मुंसी और माइकल जोंस की जोड़ी अच्छी शुरुआत करने का प्रयास किया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। बिलाल खान ने तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर जोंस को मेहरान के हाथों कैच आउट करा स्कॉटलैंड को पहला झटका दिया। बिलाल ने एक चौके और दो छक्के की मदद से 16 रन बनाये। इसके बाद मोर्चा ब्रैंडन मैक्कुलन ने जॉर्ज मुंसी के साथ दूसरे विकेट के लिए जॉर्ज मुसी के साथ 29 गेंदों में 65 रनों की तूफानी साझेदारी करते हुये स्कॉटलैंड की जीत की नींव रखी।

मेहरान खान ने आठवें ओवर की पांचवीं गेंद सलामी बल्लेबाज मुंसी को शकील के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। मुंसी ने 20 गेंदों में 41 रन बनाये। रिंची बेरिंग्टन 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मैथ्यू क्रॉस ने मैककुलन के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। मैकुकल ने 31 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 61 रन बनाए। क्रॉस ने दो छक्के लगाकर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। ओमान की ओर से बिलाल खान, आकिब इलियास और मेहरान खान ने एक-एक विकेट लिये।

स्कॉटलैंड की इस जीत के साथ ही टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें सुपर-8 में जायेंगी। ओमान के खिलाफ जीत दर्ज कर स्कॉलैंड तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वह अपने अगले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता तो उनकी सुपर-8 में जगह पक्की हो जाएगी। अगर स्कॉटलैंड हारता भी है आगामी मैचों की स्थिति पर इंग्लैंड के लिए मुश्किल होगी। इंग्लैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक दो मैच खेले हं। इनमें एक मैच ड्रॉ रहा और एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में हार के साथ ही ओमान की टीम सुपर-आठ की दौड़ से बाहर हो गई है। ठ्रुप बी की अंक तालिका में स्कॉटलैंड तीन मैचों में दो जीत पांच अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है।